# NCC ACTIVITY (2023-24)

## Police memorial day



पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई

पीजी कॉलेज परिवार ने किया शहीदों की शहादत को स्मरण

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,21 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

पुलिस स्मृति दिवस पर शनिवार को राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर में पुलिस के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश के प्रति इनके अमूल्य योगदान को याद किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला ने इन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शहीद सेनानी महाविद्यालय के छात्र रहे हैं, जिसका हमें गर्व है। भारत माता की रक्षा व अपने कर्तव्यपरायणता के चरम पर जाकर इन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। इन सभी की शहादत हमें प्रेरित करती है कि हम सभी समाज और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें। श्रद्धांजलि सभा को एनसीसी प्रभारी पंकज अहिरवार व अन्य प्राध्यापकों ने भी संबोधित किया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, कार्यालयीन कर्मचारी, महा विद्यालय के एनसीसी अधिकारी, कैडेट्स व छात्र-छात्राओं ने भी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित किया।



बलिदानी जवानों के योगदान को किया याद

बलरामपुर (नईदुनिया न्यूज)। जिला मुख्यालय बलरामपुर के पुलिस लाइन मैदान में देश में बलिदान हुए जवानों के सम्मान में पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने देश में एक सितम्बर 2022 से 31 अगस्त 2023 तक अपने कर्तव्यपालन के दौरान बलिदान हुए 188 जवानों के नामों का वाचन किया। रक्षित निरीक्षक बिमलेश कुमार देवांगन की अगुवाई में जवानों की टुकड़ी ने शहीदों को सलामी दी। ज्ञात है कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग में देश की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति में तैनात केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक छोटे से गश्ती दल पर चीनी सेना द्वारा घात लगाकर हमला किया गया था, जिसमें 10 पुलिस अधिकारी बलिदान हो गए थे। इसी के बाद से ही प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस दौरान कलेक्टर रिमिजियुस एक्का, जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार साहू, वनमण्डलाधिकारी विवेकानंद झा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी रेना जमील, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रेश सिंह ठाकुर, बलिदानी जवानों के स्वजन, जनप्रतिनिधियों व पुलिस के जवानों ने बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने बलिदानी परिवार के स्वजनों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना।

बलिदानी परिवार के सदस्य को सम्मानित करते एसपी डा.लाल उमेद सिंह● नईदुनिया

पीजी कालेज में बलिदानियों का पुण्य स्मरण

कार्यक्रम में एनसीसी के कैडेटस● नईदुनिया

अंबिकापुर (नईदुनिया न्यूज)। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर में महाविद्यालय के प्राचार्य डा रिजवान उल्ला, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, महाविद्यालय के कार्यालयीन कर्मचारी, एनसीसी अधिकारी एवम कैडेट्स और महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं द्वारा पुलिस के बलिदानी जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जवानों के देश के प्रति अमूल्य योगदान को याद किया। ये भी गर्व की बात है कि जिन बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया वे सभी पूर्व में महाविद्यालय के छात्र रहे है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि हमें गर्व है कि ऐसे वीर जवान हमारे महाविद्यालय के छात्र रहे है जिस पर हमे गर्व है। सभा को एनसीसी प्रभारी पंकज अहिरवार तथा अन्य प्राध्यापकगणों ने भी सम्बोधित किया।



पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

अम्बिकापुर। राजीव गांधी कॉलेज में पुलिस स्मृति दिवस पर प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला सहित प्राध्यापकों कर्मचारियों, एनसीसी अधिकारी एवं कैडेट्स व छात्र-छात्राओं ने पुलिस के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। जिन शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई वे सभी पूर्व में महाविद्यालय के छात्र रहे हैं। प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला ने कहा कि हमें गर्व है कि ऐसे वीर जवान हमारे महाविद्यालय के छात्र रहे हैं। भारत माता की रक्षा हेतु अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। इन की शहादत हमें प्रेरित करती है कि हम सभी समाज और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें। सभा को एनसीसी प्रभारी पंकज अहिरवार एवं अन्य प्राध्यापकों ने भी संबोधित किया। इस दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थी व कर्मचारियों ने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद अनिल खलखो को दी गई श्रद्धांजलि

## Police memorial day

21 octobar 2023

## World environment day








All the cdt of ncc clean the campus of college in the presence of ANO lt. pankaj kumar ahirwar.

Fit copfit city helth run









# FIT COP FIT CITY RUN 13 NOV 2023

# ELECTION AWARNESS PROGRAM

# मतदाता जागरूकता रैली

**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर के कैडेट्स द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें जिला प्रशासन से स्वीप कार्यक्रम के पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए और रैली के माध्यम से सभी लोगों को मतदान देने के लिए जागरूक किया गया। रैली में पी जी कॉलेज के प्राचार्य डॉ रिजवान उल्ला ने भी सहभागिता की और एनसीसी कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया।



## कैडेट्सों ने मतदाता जागरुकता रैली निकालकर किया जागरुक

- संवाददाता -

अंबिकापुर, 12 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)। राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर के कैडेट्स द्वारा 11 सितंबर को मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। जिसमें जिला प्रशासन ...



## ...डेट्स ने मतदाता जागरूक... रैली निकाली

'छत्तीसगढ़' संवाददाता



## मतदाता जागरूकता के लिये महाविद्यालयीन छात्रों ने निकाली रैली



पहला कॉलम

## पीजी कॉलेज के कैडेट्स ने निका... मतदाता जागरूकता रैली




## मतदाता जागरूकता रैली

अम्बिकापुर। राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर के कैडेट्स द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें जिला प्रशासन से स्वीप कार्यक्रम के पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए और रैली के माध्यम से सभी लोगों को मतदान देने के






पहला कॉलम

## पीजी कॉलेज के कैडेट्स ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर के कैडेट्स द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें जिला प्रशासन से स्वीप कार्यक्रम के पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए और रैली के माध्यम से सभी लोगों को मतदान देने के लिए जागरूक किया गया साथ ही ऐसे छात्र या छात्राएं या अन्य शहरवासी जिन्होंने मतदाता पहचान पत्र नहीं बनवाया है और उनकी उम्र मतदान करने योग्य हो गई है तो ऐसे सभी लोगों के लिए मतदाता परिचय पत्र बनवाने की प्रक्रिया शुरू की गई रैली में पी जी कॉलेज के प्राचार्य डॉ रिजवान उल्ला ने भी सहभागिता की और एनसीसी कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया।

# NCC CDT AWAREING THE PUBLIC FOR THR ELECTION.

# WORLD DISABEL DAY


## दिव्यांग दिवस पर पीजी कॉलेज में विभिन्न गतिविधियां

**अम्बिकापुर।** एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार के मार्गदर्शन में विश्व दिव्यांग दिवस पर राजीव गांधी पीजी कॉलेज में मंगलवार को पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध लेखन एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शासकीय चिकित्सालय नवापारा के डॉ. श्रीकांत सिंह चौहान ने कहा कि दिव्यांगजनों को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराया जाए तो उनकी शारीरिक और मानसिक कमी को दूर करने में काफी हद तक सफलता मिल सकती है और दिव्यांग समाज निर्माण में अपनी भागीदारी निभा सकते हैं। उन्होंने दिव्यांगजनों को समाज में सम्मान दिलाने हेतु कैडेट्स को उनके कर्तव्यों के बारे में बताया। इस दौरान कैडेट्स ने विभिन्न गतिविधियां की। इस दौरान कॉलेज के प्राध्यापक एवं सभी एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे।



### एनसीसी कैडेट्स ने विश्व एड्स दिवस पर निकाली रैली

एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार के मार्गदर्शन में विश्व एड्स दिवस पर राजीव गांधी पीजी कॉलेज में मंगलवार को एनसीसी कैडेट्स द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध लेखन और जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली बनारस चौक, खेल मैदान से भ्रमण कर महाविद्यालय वापस लौटी। रैली में एनसीसी कैडेट्स छात्र-छात्राएं व प्राध्यापक शामिल थे।



## दिव्यांगजनों को समाज में सम्मान दिलाने के लिए किया जाना चाहिए प्रयास

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।



विश्व एड्स दिवस के अवसर पर पीजी कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध लेखन और जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला ने हरी झंडी दिखाकर की। रैली शहर में बनारस चौक से होते हुए महाविद्यालय के खेल मैदान से होते हुए महाविद्यालय वापस आई रैली में महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स के साथ-साथ अन्य छात्र-छात्राएं भी उपस्तिथ रहे। महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण ने भी रैली मे अपनी सहभागिता दी।

वहीं एनसीसी कैडेट्स द्वारा महाविद्यालय में दिव्यांगजनों से संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध लेखन एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। तत्पश्चात शासकीय चिकित्सालय नवापारा से पधारे डॉ. श्रीकांत सिंह चौहान द्वारा दिव्यांगजनों से संबंधित व्याख्यान प्रस्तुत किया गया जिसमें डॉ. श्रीकांत ने बताया की यदि दिव्यांगजनो को आधुनिक पद्धति के अनुसार संसाधन उपलब्ध कराया जाए तो उनकी शारीरिक और मानसिक कमी को दूर करने में काफी हद तक सफलता प्राप्त की जा सकती हैं, और समाज निर्माण में दिव्यांगजनो की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा सकती है। बताया गया कि महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा दिव्यांगजनों को समाज में सम्मान दिलाने हेतु क्या-क्या प्रयास किये जाने चाहिए इस विषय पर केंद्रित होकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया और समाज को यह संदेश प्रसारित किया गया कि दिव्यांग व्यक्ति भी समाज में अन्य सामान्य व्यक्तियों की तरह अपना योगदान समाज के विकास मे दे सकते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त एन.सी.सी. कैडेट्स सहित अन्य प्राध्यापकगण भी उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर अंबिकापुर 06-12-2023

## दिव्यांगों को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराएं ताकि मानसिक कमी को दूर हो सकें: श्रीकांत

भास्कर न्यूज़ | अंबिकापुर

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार के मार्गदर्शन में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर कैडेट्स ने महाविद्यालय में दिव्यांगजनों से संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध लेखन व जागरूकता रैली का आयोजन किया। डॉ.श्रीकांत सिंह चौहान ने दिव्यांगजनों से संबंधित जरूरी बातें कही। इस दौरान उन्होंने बताया कि यदि दिव्यांगजनों को आधुनिक पद्धति के अनुसार संसाधन उपलब्ध कराया जाए तो उनकी शारीरिक और मानसिक कमी को दूर करने में काफी हद तक सफलता प्राप्त की जा सकती है। बताया गया कि एनसीसी कैडेट्स को दिव्यांग को समाज में सम्मान दिलाने क्या-क्या प्रयास करने चाहिए। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और समाज को यह संदेश प्रसारित किया गया कि दिव्यांग व्यक्ति भी समाज में अन्य सामान्य व्यक्तियों की तरह अपना योगदान समाज के विकास में दे सकते हैं।

# NASHA MUKATI RALLY



## एनसीसी कैडेट्स द्वारा नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत रैली का किया गया आयोजन

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,22 जून 2023 (घटती-घटना)।** एनसीसी रायपुर ग्रूप एवं 28 सीजी बटालियन एनसीसी रायगढ़ के मार्गदर्शन में राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर के प्राचार्य डॉ रिजवान उल्ला के संरक्षण में और महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार के निर्देशन में आज दिनांक 22.06.2023 को महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया।जिसमें एसडी और एसडबल्यू कैडेट्स ने रैली निकालकर शहरवासियों को नशामुक्ति से संबंधित संदेश का प्रसारण किया।




# NASHA MUKTI RALLY

# ARMY ATTACHMENT CAMP







# ARMY ATTACMENT CAMP JBALPUR.

# INDEPENDENCE DAY




# PARADE HELD AT PG COLLEGE GROUND IN 2023

# BLOOD DONATION PROGRAM



## पीजी कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय अंबिकापुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के समस्त एनसीसी कैडेट्स सहित स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसएस अग्रवाल ने समस्त कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया और रक्तदान करने से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारा रक्तदान की ओर बढ़ा एक कदम कई के जीवन की रक्षा करता है। रक्त की कुछ बूंदों से केवल मरीज ही बल्कि उसका पूरा परिवार, खानदान और उससे जुड़े लोग राहत पाते हैं। इससे बड़ा कोई अन्य दान नहीं हो सकता। इस मौके पर जिला अस्पताल अंबिकापुर के ब्लड-बैंक की टीम उपस्थित रही। रक्तदान के अवसर पर महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार के साथ महाविद्यालय के एनएसएस अधिकारी राजीव कुमार एवं रेडक्रॉस प्रभारी संदीप कुशवाहा सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक व स्वेच्छा से रक्तदान कर रहे विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पी. जी. कॉलेज अम्बिकापुर में रक्तदान शिविर का आयोजन



**अंबिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** गुरुवार को राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय अंबिकापुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के समस्त एनसीसी कैडेट्स सहित स्वैच्छिक रक्तदान करने वाले छात्रों ने सहभागिता की और एसडी/एस डब्ल्यू कैडेट्स ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.एस. अग्रवाल ने समस्त कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया और रक्तदान करने से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि हमारा रक्तदान की की ओर बढ़ाया एक कदम कई परिवारों के जीवन की रक्षा करता है। रक्त की इन कुछ बूंदों से केवल मरीज ही बल्कि उसका पूरा परिवार - खानदान और उससे जुड़े लोग भी राहत पाते हैं। इससे बड़ा कोई अन्य दान हो नहीं सकता।जिला अस्पताल अंबिकापुर ब्लड-बैंक की समस्त टीम इस अवसर पर उपस्थित रही और बहुत ही तन्मयता के साथ इस आयोजन का सफल संचालन किया। रक्तदान के अवसर पर महाविद्यालय एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार के साथ साथ महाविद्यालय के एनएसएस अधिकारी राजीव कुमार एवम रेड क्रॉस प्रभारी संदीप कुशवाहा सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण व स्वेच्छा से रक्तदान कर रहे विद्यार्थीगण भी उपस्थित रहे।

# BLOOD DONATION CAMP RGGPG COLLEGE AMBIKAPUR

# WORLD DISABLE DAY




# WORLD DISABLE DAY SEMINAR

# HUMEN RIGHT

## मानवाधिकारों के संरक्षण में चुनौतियां भी : त्रिपाठी

**अंबिकापुर(नईदुनिया न्यूज)।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर के विधि विभाग में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर वर्तमान समय में मानवाधिकार के समक्ष चुनौतियां विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रुप में हरिशंकर त्रिपाठी वरिष्ठ अधिवक्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में महाविद्यालय के प्राचार्य डा एसएस अग्रवाल उपस्थित रहे।विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक माधवेंद्र तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया तथा विषय प्रवर्तन करते हुए मानवाधिकारों की उत्पत्ति तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उसके महत्त्व पर प्रकाश डाला।प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में मानवाधिकारों के संरक्षण में विधि के विद्यार्थियों एवं अधिवक्ताओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका को समझाया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हरिशंकर त्रिपाठी ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मानवाधिकारों के संरक्षण की आवश्यकता एवं उसके संरक्षण में आ रही चुनौतियों को विस्तृत रुप से प्रस्तुत किया। जिसपर छात्रों पीयूष कुमार त्रिपाठी, अमित पाण्डेय, नान सिंह सहित अन्य छात्रों के द्वारा पूछे गए विषय प्रश्नों का उत्तर मुख्य वक्ता द्वारा देकर उनकी जिज्ञासा को शान्त किया गया।कार्यक्रम में विधि विभाग की शिक्षक पूनम सोनवानी, डा नईमा कमर, उपस्थित रहीं।डा मिलेन्द्र सिंह ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कार्यक्रम संचालन पंकज अहिरवार ने किया।

विधि विभाग के विद्यार्थियों निराला, आशीष, प्रवीण कुमार, एखलाक, अमनप्रीत कौर, जिया जुनेजा, गौतम गुप्ता, अभिजीत साहू, अंशुमान, कश्मीर, प्रिन्स, आकाश, गुप्तेश्वर द्वारा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मानवाधिकारों केसंरक्षण विषय पर अपने विचार रखे। मानवाधिकारों से सम्बन्धित विषयों पर विधि विभाग व एनसीसी के छात्रों लीलावती, रश्मि, नीतू, रामप्रताप, पारुल विश्वकर्मा, अन्नपूर्णा, आस्था, श्वेता, श्रुति, रेशमी, अर्चना, निधि, योगेन्द्र, राहुल, रामप्रकाश, विक्की, इंद्रजीत, ललित, नन्दकुमार, सुमन विश्वास, प्रीतिका खालखो, पूजा राजवाड़े, नगमा, निकिता, खुशबू, ऋषिका, दीपा, वेलापति, गीता आदि द्वारा रंगोली बनाई गई।

## वर्तमान समय में मानवाधिकार के समक्ष चुनौतियों को लेकर पीजी कॉलेज विधि विभाग में हुई परिचर्चा

**अंबिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** राजीव गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बिकापुर के विधि विभाग में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर वर्तमान समय में मानवाधिकार के समक्ष चुनौतियाँ विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रुप में हरिशंकर त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.एस. अग्रवाल उपस्थित रहे। विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक माधवेंद्र तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया तथा विषय प्रवर्तन करते हुए मानवाधिकारों की उत्पत्ति तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उसके महत्त्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में मानवाधिकारों के संरक्षण में विधि के विद्यार्थियों एवं अधिवक्ताओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका को समझाया।

कार्यक्रम के मुख्यवक्ता हरिशंकर त्रिपाठी ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मानवाधिकारों के संरक्षण की आवश्यकता एवं उसके संरक्षण में आ रही चुनौतियों को विस्तृत रुप से प्रस्तुत किया। जिसपर छात्रों पीयूष कुमार त्रिपाठी, अमित पाण्डेय, नान सिंह सहित अन्य छात्रों के द्वारा पूछे गए विषय प्रश्नों का उत्तर मुख्यवक्ता द्वारा देकर उनकी जिज्ञासा को शान्त किया गया। कार्यक्रम में विधि विभाग की शिक्षक सुश्री पूनम सोनवानी, डॉ. नईमा कमर, उपस्थित रहीं।

डॉक्टर मिलेन्द्र सिंह ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कार्यक्रम संचालन श्री पंकज अहिरवार ने किया। विधि विभाग के विद्यार्थियों निराला, आशीष, प्रवीण कुमार, एखलाक, अमनप्रीत कौर, जिया जुनेजा, गौतम गुप्ता, अभिजीत साहू, अंशुमान, कश्मीर, प्रिन्स, आकाश, गुप्तेश्वर द्वारा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मानवाधिकारों के संरक्षण विषय पर अपने विचार रखे। मानवाधिकारों से सम्बन्धित विषयों पर विधि विभाग व एन.सी.सी. के छात्रों लीलावती, रश्मि, नीतू, रामप्रताप, पारुल विश्वकर्मा, अन्नपूर्णा, आस्था, श्वेता, श्रुति, रेशमी, अर्चना, निधि, योगेन्द्र, राहुल, रामप्रकाश, विक्की, इंद्रजीत, ललित, नन्दकुमार, सुमन विश्वास, प्रीतिका खालखो, पूजा राजवाड़े, नगमा, निकिता, खुशबू, ऋषिका, दीपा, वेलापति, गीता, चम्पा, सुमित्रा, रुचि, प्रियंका, खुशबू, किरण, राधिका, नेहा, ज्योति द्वारा रंगोली भी बनाई गई, जिसका अवलोकन अतिथियों द्वारा कर उसकी प्रशंसा की गई।

## वर्तमान समय में मानवाधिकारों के संरक्षण की है जरूरत

**नवभारत ब्यूरो। अम्बिकापुर।**




राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विधि विभाग में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर वर्तमान समय में मानवाधिकार के समक्ष चुनौतियां विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रुप में हरिशंकर त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसएस अग्रवाल उपस्थित रहे। विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक माधवेंद्र तिवारी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों एवं अधिवक्ताओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका को समझाया। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता हरिशंकर त्रिपाठी ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मानवाधिकारों के संरक्षण की आवश्यकता एवं उसके संरक्षण में आ रही चुनौतियों को विस्तृत रुप से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विधि विभाग की शिक्षक सुश्री पूनम सोनवानी, डॉ. नईमा कमर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन पंकज अहिरवार एवं आभार प्रदर्शन डॉ. मिलेन्द्र सिंह ने किया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा बनायी गई रंगोली का अवलोकन कर अतिथियों द्वारा उसकी प्रशंसा की गई।

# HUMAN RIGHT SEMINAR BY THE PRINCIPAL OF RGGPG COLLEGE

# REPUBLIC DAY CAMP



www.naidunia.com

## अन्नपूर्णा का चयन आरडीसी परेड नईदिल्ली के लिए

अन्नपूर्णा गुर्जर ● नईदुनिया

**अंबिकापुर (नईदुनिया न्यूज)।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर की एनसीसी कैडेट अन्नपूर्णा गुर्जर का चयन गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली हेतु किया गया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से कालेज प्रबंधन में भी उत्साह है। यह बहुत ही कठिन परिश्रम और विभिन्न कैंप में चयन के पश्चात ही कोई आरडीसी परेड दिल्ली हेतु चयनित हो पाता है।इससे पहले भी बालिका विंग की कैडेट का चयन गणतंत्र दिवस परेड हेतु हुआ है परंतु ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी गर्ल्स कैडेट का चयन कर्तव्य पथ दिल्ली में परेड करने हेतु हुआ है। यह महाविद्यालय ही नहीं प्रदेश के लिए भी गर्व का विषय है कि यहां से किसी बालिका कैडेट ने इस उपलब्धि को हासिल किया है। अन्नपूर्णा गुर्जर की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा रिजवान उल्ला और महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार ने प्रसन्नता जाहिर की है। इन्होंने अन्नपूर्णा गुर्जर को बहुत बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होंगी एनसीसी छात्रा अन्नपूर्णा

**अम्बिकापुर। 06 जनवरी। हिन्द समाचार।** 28 सीजी बटालियन एनसीसी रायगढ़ और राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर की एनसीसी कैडेट अन्नपूर्णा गुर्जर का चयन गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली हेतु हुआ है ज्ञात हो कि बहुत ही कठिन परिश्रम और विभिन्न कैंप में चयन के पश्चात ही कोई आरडीसी परेड दिल्ली हेतु चयनित हो पाता है। इससे पहले भी गर्ल्स विंग की कैडेट का चयन गणतंत्र दिवस परेड हेतु

दैनिक भास्कर अंबिकापुर 07-01-2024

## आरडीसी परेड के लिए अन्नपूर्णा का चयन

**अंबिकापुर** | राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर की एनसीसी कैडेट अन्नपूर्णा गुर्जर का चयन गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली के लिए हुआ है। अन्नपूर्णा का चयन विभिन्न कैंप में चयन के बाद आरडीसी परेड दिल्ली के लिए हुआ है। इससे पहले भी गर्ल्स विंग की कैडेट का चयन गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ था, लेकिन ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी गर्ल्स कैडेट का चयन कर्तव्य पथ दिल्ली में परेड करने के लिए हुआ है। अन्नपूर्णा गुर्जर की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला और महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज

mycity न्यूज कैप्सूल

## अन्नपूर्णा का चयन गणतंत्र दिवस परेड में

**अम्बिकापुर।** 28 सीजी बटालियन एनसीसी रायगढ़ और पीजी कालेज अंबिकापुर की एनसीसी कैडेट अन्नपूर्णा गुर्जर का चयन गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली के लिए हुआ है। गर्ल्स विंग से पहली बार गर्ल्स कैडेट के रूप में चयनित होने वाली यह पहली छात्रा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला व एनसीसी अधिकारी पंकज अहिरवार ने इसे महाविद्यालय और सरगुजा के लिए गौरव निरूपित किया है।

## दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होंगी अन्नपूर्णा

'छत्तीसगढ़' संवाददाता

**अंबिकापुर,6 दिसंबर।** 28 सीजी बटालियन एनसीसी रायगढ़ और राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर की एनसीसी कैडेट अन्नपूर्णा गुर्जर का चयन गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली हेतु हुआ है।

प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला ने कहा कि कि बहुत ही कठिन परिश्रम और विभिन्न कैंप में चयन के पश्चात ही कोई आरडीसी परेड दिल्ली हेतु चयनित हो पाता है। इससे पहले भी गर्ल्स विंग की कैडेट का चयन गणतंत्र दिवस परेड हेतु हुआ है, परंतु ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी गर्ल्स कैडेट का चयन कर्तव्य पथ दिल्ली में परेड करने हेतु हुआ है। यह महाविद्यालय ही नहीं बल्कि प्रदेश के लिए भी गर्व का विषय है कि हमारे यहां से किसी गर्ल्स कैडेट ने इस उपलब्धि को हासिल किया है।

अन्नपूर्णा गुर्जर की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला ने और महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार ने अन्नपूर्णा गुर्जर को बहुत-बहुत बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं

## एनसीसी कैडेट अन्नपूर्णा गुर्जर कर्तव्य पथ दिल्ली में परेड के लिए चयनित

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** 28 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी रायगढ़ और राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर की एनसीसी कैडेट अन्नपूर्णा गुर्जर का चयन गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली के लिए हुआ है। बहुत ही कठिन परिश्रम और विभिन्न कैंप में चयन के पश्चात ही आरडीसी परेड दिल्ली हेतु किसी का चयन हो पाता है। इसके पहले भी गर्ल्स विंग की कैडेट का चयन गणतंत्र दिवस परेड हेतु हुआ है, परंतु किसी गर्ल्स कैडेट का चयन

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

खबर संक्षेप

## अन्नपूर्णा का चयन गणतंत्र दिवस परेड के लिए

**अम्बिकापुर।** 28 सीजी बटालियन एनसीसी रायगढ़ और राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट अन्नपूर्णा गुर्जर का चयन गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली के लिए किया गया है। इसके पूर्व भी गर्ल्स विंग की कैडेट का चयन गणतंत्र दिवस परेड के लिए किया गया था परंतु पहली बार किसी गर्ल्स कैडेट का चयन कर्तव्य पथ दिल्ली में परेड करने के लिए किया गया है। अन्नपूर्णा गुर्जर की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ.रिजवान उल्ला एवं महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# JUO ANPURNA GURJAR HAD PARTICIPITED AT THE DELHI PARADE IN 2024

# REPUBLIC DAY PARADE



# 1ST PLACE IN THE REPUBLIC DAY PARADE

# YOGA DAY













# 21$^{ST}$ JUNE INTERNATION YOGA DAY 2024

# BEST A.N.O AWORD







## सर्वश्रेष्ठ एनसीसी अधिकारी चुने गए पंकज अहिरवार, सीएम ने 50 हजार रुपये का चेक देकर किया सम्मान

### डायरेक्टर जनरल एनसीसी लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीर पाल सिंह ने स्मृति चिन्ह भेंट किया

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मुख्यमंत्री निवास, राजधानी रायपुर में एनसीसी प्रशिक्षक एवं कैडेट्स के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, भारत देश में एनसीसी के सर्वोच्च पदाधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीर पाल सिंह, मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ एनसीसी निदेशालय के सर्वोच्च पदाधिकारी एवं रायपुर ग्रुप एनसीसी के ब्रिगेडियर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन एनसीसी अधिकारी और कैडेट्स का सम्मान किया किया गया, जिन्होंने इस वर्ष पूरे राज्य में एनसीसी से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ कार्य किया है। इसी क्रम में राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार को



सर्वश्रेष्ठ एनसीसी अधिकारी चुनते हुए 50 हजार रुपये का चेक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदान किया, साथ ही डायरेक्टर जनरल एनसीसी लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीर पाल सिंह के द्वारा लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार को स्मृति चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया गया।

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Bilaspur Sarguja - 20 Jun 2024 - Page 3




## लेफ्टिनेंट अहिरवार को मिला सर्वश्रेष्ठ एनसीसी अधिकारी का पुरस्कार

**अम्बिकापुर।** मुख्यमंत्री निवास में आयोजित सम्मान समारोह में बुधवार को शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार को सर्वश्रेष्ट एनसीसी अधिकारी का पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल एवं एनसीसी के अधिकारी की उपस्थिति में उन्हें 50 हजार का चेक देकर सम्मानित किया। एनसीसी के डायरेक्टर जनरल गुरपाल सिंह ने लेफ्टिनेंट श्री अग्रवाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# ANO OF RGGPG COLLEGE LT. PANJAK KUMAR AHIRWAR GOT BEST ANO AWARD IN ENTAIR RAIPUR GROUP AND THIS HONORED GAVE BY THE DG NCC LT. GEN. GURBIRPAL SINGH.


# AIRPORT VISIT










# SECURITY EDUCATION ABOUT AIRPORT

# INDEPENDENCE DAY











1st PIECE IN 2024 PARADE